This Question Paper consists of NEW SYLLABUS 51 questions and OLD SYLLABUS 51 questions and 24 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में नया पाठ्यक्रम 51 प्रश्न तथा पुराना पाठ्यक्रम 51 प्रश्न तथा कुल 24 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No.
अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | |

Code No. / कोड नं. **68/ESS/1**

SET/सेट **A**

# BUSINESS STUDIES
# व्यावसायिक अध्ययन
# (319)

**Day and Date of Examination :**
**( परीक्षा का दिन व दिनांक )** ______________________

**Signature of Invigilators :**
**( निरीक्षकों के हस्ताक्षर )**
1. ______________________
2. ______________________

**General Instructions :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper code No. **68/ESS/1-A** on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :
   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Oriya, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.
   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.
   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the question will be yours only.
6. In case of any doubt or confusion in the question paper, the **English** Version will prevail.

**सामान्य अनुदेश :**

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।
3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जायेगा।
4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड संख्या **68/ESS/1-A** लिखें।
5. (क) प्रश्न-पत्र केवल हिंदी/अंग्रेजी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :
   अंग्रेजी, हिंदी, उर्दू, पंजाबी, बँगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगु, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिंधी।
   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।
   (ख) यदि आप हिंदी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं तो प्रश्न को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।
6. प्रश्नपत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## IMPORTANT INSTRUCTIONS

1. This Question Paper Booklet contains two Question Papers - one based on revised study material marked as **NEW SYLLABUS** and the other based on pre-revised study material marked as **OLD SYLLABUS**.

2. **NEW SYLLABUS** is for those candidates who have registered for 2023-2024 (stream-I, Block-I) admission and are appearing in October-2024 Examinations.

3. **OLD SYLLABUS** is for those candidates who has registered before 2023-24 (Stream-I, Block-I) admission.

4. Candidates are to answer only one Question Paper from the given two Question Papers.

5. Candidates are not allowed to mix questions from the given two Question Papers.

## महत्वपूर्ण निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र पुस्तिका में दो प्रश्न-पत्र हैं – एक संशोधित अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**नया पाठ्यक्रम**' अंकित है तथा दूसरा संशोधन से पूर्व अध्ययन सामग्री पर आधारित है जिस पर '**पुराना पाठ्यक्रम**' अंकित है।

2. **नया पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023-2024 (स्ट्रीम-I, ब्लॉक-I) में हुआ है तथा जो अक्तूबर 2024 परीक्षा में बैठने जा रहे हैं।

3. **पुराना पाठ्यक्रम** उन परीक्षार्थियों के लिए है जिनका नामांकन 2023-24 (स्ट्रीम-I, ब्लॉक-I) के पहले हुआ है।

4. परीक्षार्थी दिए गए दो प्रश्न-पत्रों में से केवल एक प्रश्न-पत्र से ही उत्तर लिखें।

5. परीक्षार्थी को दो प्रश्न-पत्रों के प्रश्नों को मिलाकर उत्तर देने की अनुमति नहीं है।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# NEW SYLLABUS/नया पाठ्यक्रम

# BUSINESS STUDIES

# व्यावसायिक अध्ययन

# (319)

**Time : 3 Hours ]** **[ Maximum Marks : 100**

**समय : 3 घण्टे ]** **[ पूर्णांक : 100**

**Note :**

(i) This question paper consists of **51** questions in all.

(ii) **All** questions are **compulsory**.

(iii) Marks are given against each question.

(iv) **Section - A** consists of
**Q.No. 1 to 20 -** Multiple Choice type questions (MCQs) carrying **1** mark each. Select and write the most appropriate option out of the four options given in each of these questions.

(v) **Section - B** consists of
**Q.No. 21 to 35 -** Objective type questions. **Q.No. 21 to 35** carry **2** marks each (with **2** sub-parts of **1** mark each). Attempt these questions as per the instructions given for each of the questions.

(vi) **Section - C** consists of
- (a) **Q.No. 36 to 41 -** Very Short Answer type questions carrying **2** marks each to be answered in the range of **30 to 50** words.
- (b) **Q.No. 42 to 47 -** Short Answer type questions carrying **3** marks each to be answered in the range of **50 to 80** words.
- (c) **Q.No. 48 to 51 -** Long Answer type questions carrying **5** marks each to be answered in the range of **80 to 120** words.

**निर्देश :**

(i) इस प्रश्न–पत्र में कुल **51** प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसके अंक दिए गए हैं।

(iv) **खण्ड - क** में शामिल हैं :
प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं जो प्रत्येक **1** अंक का है। इन प्रश्न में प्रत्येक में दिए गए चार विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिये और लिखिए। इनमें से कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में आपको दिये गये विकल्पों में से केवल एक का उत्तर देना है।

(v) **खण्ड - ख** में शामिल हैं :
प्रश्न संख्या **21** से **35** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या **21** से **35** तक प्रत्येक प्रश्न **2** अंकों का हैं (दो उपभाग के साथ प्रत्येक **1** अंक)। प्रत्येक प्रश्न में दी गई सूचना अनुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(vi) **खण्ड - ग** में शामिल हैं :
- (a) प्रश्न संख्या **36** से **41** तक अति लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **2** अंक हैं और उत्तर की सीमा **30 से 50** शब्द है।
- (b) प्रश्न संख्या **42** से **47** तक लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **3** अंक हैं और उत्तर की सीमा **50 से 80** शब्द है।
- (c) प्रश्न संख्या **48** से **51** तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक के **5** अंक हैं और उत्तर की सीमा **80 से 120** शब्द है।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**Note / निर्देश :**

(1) Answers of **all** questions are to be given in the Answer-Book given to you.
**सभी** प्रश्नों के उत्तर आपको दी गयी उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been alloted to read this question paper. The question paper will be distributed at 02:15 p.m. From 02:15 p.m. to 02:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 02:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 02:15 बजे से 02:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION - A/खण्ड - क

**1.** The element of business environment that is shaped by beliefs and customs of people : **1**

(A) Legal Environment (B) Economic Environment
(C) Social Environment (D) Political Environment

व्यवसायिक वातावरण का वह तत्व जो लोगों की धारणाओं एवं प्रथाओं पर आकार प्राप्त करता है :

(A) विधिक वातावरण (B) आर्थिक वातावरण
(C) सामाजिक वातावरण (D) राजनैतिक वातावरण

**2.** The function of management which bridges the gap between where we are and where we want to go : **1**

(A) Planning (B) Organising (C) Directing (D) Staffing

प्रबंध का वह कार्य जो हम कहाँ हैं और कहाँ जाना चाहते हैं के बीच के अन्तर को दूर करता है :

(A) योजना (B) संगठन (C) निर्देशन (D) नियुक्तिकरण

**3.** Long-term investment decisions are also called as : **1**

(A) Working Capital Decisions (B) Capital Budgeting Decisions
(C) Dividend Decision (D) Financing Decision

दीर्घ-कालीन निवेश निर्णय __________ भी कहलाते हैं।

(A) कार्यशील पूँजी निर्णय (B) पूँजी बजटियन निर्णय
(C) लाभांश निर्णय (D) वित्तीयन निर्णय

**4.** Infosys decides to open schools for lesser privileged children is an example of __________ environment. **1**

(A) Economic (B) Political (C) Legal (D) Social

इंफोसिस ने कम विशेषाधिकार प्राप्त बच्चों के लिए विद्यालय खोलने का निर्णय लिया। यह __________ वातावरण का उदाहरण है।

(A) आर्थिक (B) राजनैतिक (C) विधिक (D) सामाजिक

**5.** Which of the following is **not** an importance of planning ? **1**

(A) Reduces risk and uncertainty (B) Leads to efficiency in operations
(C) Delay in actions (D) Facilitates decision making

निम्न में से कौन सा योजना का एक महत्व **नहीं** है ?

(A) जोखिम तथा अनिश्चितता कम करता है। (B) प्रचालनों में कुशलता की ओर ले जाता है।
(C) क्रिया में देरी (D) निर्णय लेने में सहायता करता है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

6. The capital structure of an organization refers to the choice of the combination of : **1**

(A) Dividend and wealth (B) Debt and equity

(C) Fixed assets and current assets (D) Fixed capital and working capital

एक संगठन का पूँजी ढाँचा __________ के संयोजन के चयन को संदर्भित करता है।

(A) लाभांश एवं संपत्ति (B) ऋण तथा समता

(C) स्थायी सम्पत्तियाँ तथा चालू सम्पत्तियाँ (D) स्थायी सम्पत्तियाँ तथा कार्यशील पूँजी

7. Which of the following is **not** a feature of Business environment ? **1**

(A) Interrelatedness (B) Dynamics (C) Complexity (D) Continuity

निम्न में से कौन सा व्यवसायिक वातावरण की एक विशेषता **नहीं** है ?

(A) परस्पर संबंधिता (B) गतिशील (C) जटिलता (D) निरंतरता

8. Identify the correct sequence of steps involved in the planning process : **1**

(A) Selection of course of action, Identifying alternative courses of action, Establishment of objectives, Making assumptions.

(B) Establishment of objectives, Identifying alternative courses of action, Selection of course of action, Making assumptions.

(C) Establishment of objectives, Making assumptions, Identifying alternative courses of action, Selection of course of action.

(D) Making assumptions, Establishment of objectives, Identifying alternative courses of action, Selection of course of action.

योजना प्रक्रिया में सम्मिलित चरणों के सही अनुक्रम की पहचान कीजिए :

(A) उपयुक्त कार्यप्रणाली का चुनाव, वैकल्पिक कार्यप्रणाली की पहचान, उद्देश्य निर्धारण, पुर्वानुमान निर्माण

(B) उद्देश्य निर्धारण, वैकल्पिक कार्यप्रणालियों की पहचान, उपयुक्त कार्यप्रणाली का चुनाव, पुर्वानुमान निर्माण

(C) उद्देश्य निर्धारण, पुर्वानुमान निर्माण, वैकल्पिक कार्यप्रणालियों की पहचान, उपयुक्त कार्यप्रणाली का चुनाव

(D) पुर्वानुमान निर्माण, उद्देश्य निर्धारण, वैकल्पिक कार्यप्रणालियों की पहचान, उचित कार्यप्रणाली का चुनाव

9. Identify which of the following concept is involved in the product of T-Shirts ? **1**

(A) Product (B) Price (C) Place (D) Promotion

पहचान कीजिए की निम्न में से कौन सी अवधारणा टी-शर्ट्स के उत्पाद में सम्मिलित है ?

(A) उत्पाद (B) मूल्य (C) स्थान (D) प्रवर्तन

10. Creating a website and selling online is related to : **1**

(A) Political Environment (B) Technological Environment

(C) Social Environment (D) Economic Environment

एक वेबसाइट बनाना तथा ऑनलाइन बेचना __________ से संबंधित है।

(A) राजनैतिक वातावरण (B) तकनीकी वातावरण

(C) सामाजिक वातावरण (D) आर्थिक वातावरण



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**11.** Purchasing goods from a foreign country is called : **1**

(A) Import (B) Entrepot (C) Export (D) Re-Export

विदेश से माल का खरीदना कहलाता है :

(A) आयात (B) पुनर्निर्यात (C) निर्यात (D) पुन: निर्यात

**12.** Current assets are those assets that get converted into cash : **1**

(A) Within six months (B) Within one year

(C) Between one and three years (D) Between three and five years

चालू सम्पत्तियाँ वे सम्पत्तियाँ होती हैं जो रोकड़ में परिवर्तित होती है :

(A) छ: महीनों के अन्दर (B) एक वर्ष के अन्दर

(C) एक से तीन वर्ष के अन्दर (D) तीन से पाँच वर्ष के अन्दर

**13.** The persons who come in between the primary producer and the final consumer to promote trade is called as __________. **1**

(A) Trader (B) Middleman (C) Auctioneer (D) Agent

वे लोग जो व्यापार को प्रोत्साहित करने के लिए प्राथमिक उत्पादक तथा अन्तिम उपभोक्ता के मध्य आते हैं, __________ कहलाते हैं।

(A) व्यापारी (B) मध्यस्थ (C) नीलामीकर्ता (D) एजेंट

**14.** In online buying the buyer drops the items selected in a __________. **1**

(A) Shopping cart (B) Shopping box (C) Net card (D) Container

ऑनलाइन खरीददारी में खरीददार चयन की गई वस्तुओं को एक __________ में डालता है।

(A) शॉपिंग कार्ट (B) शॉपिंग बॉक्स (C) नेट कार्ड (D) कंटेनर

**15.** Funds required for purchasing current assets is an example of : **1**

(A) Fixed capital requirement (B) Ploughing back of profits

(C) Working capital requirement (D) Lease financing

चालू संपत्तियों के क्रय के लिए आवश्यक कोष __________ का एक उदाहरण है।

(A) स्थायी पूँजी आवश्यकता (B) लाभ का पुन: निवेश

(C) कार्यशील पूँजी आवश्यकता (D) पट्टा वित्तियन

**16.** The term of trade 'FOB' stands for : **1**

(A) Free on business (B) Free on board

(C) Fees on board (D) Fee on buying

व्यापार शब्द एफ ओ बी कहलाता है :

(A) फ्री ऑन बिजनेस (B) फ्री ऑन बोर्ड

(C) फीस ऑन बोर्ड (D) फी ऑन बाईंग



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

17. Plastic Card is the popular name for : **1**

(A) Debit/Credit card (B) Cheque

(C) Digital Cash (D) Crypto currency

प्लास्टिक कार्ड __________ के लिए लोकप्रिय नाम है।

(A) डेबिट/क्रेडिट कार्ड (B) चैक

(C) डिजिटल कैश (D) क्रिप्टो मुद्रा

18. The ability of a firm to convert an asset into cash is called __________. **1**

(A) Liquidity (B) Solvency (C) Return (D) Marketability

किसी फर्म की एक परिसम्पत्ति को नगदी में परिवर्तित करने की योग्यता __________ कहलाती है।

(A) तरलता (B) ऋणशोधन क्षमता (C) प्रत्याय (D) पण्ययोग्यता

19. __________ refers to contracting out some of its activities to a third party which were earlier performed by the organization. **1**

(A) BPO (B) E-Commerce (C) Outsourcing (D) E-Banking

__________ का अर्थ कुछ ऐसी गतिविधियों को तृतीय पक्ष को अनुबंध पर देने से है जो पूर्व में संगठन द्वारा निष्पादित की जाती थी।

(A) बी पी ओ (B) ई-कामर्स (C) बाह्य स्रोतीकरण (D) ई-बैकिंग

20. From among the following, which is **not** an application of e-business ? **1**

(A) Contract R & D (B) Online trading

(C) Online procurement (D) Online bidding

निम्न में से कौन सा ई-व्यवसाय का एक प्रयोग **नहीं** है ?

(A) आर एण्ड डी अनुबंध (B) ऑनलाइन ट्रेडिंग

(C) ऑनलाइन खरीद (D) ऑनलाइन बोली

## SECTION - B/खण्ड - ख

21. State the full form of the following : **2**

(a) SEBI (b) FCCB

निम्न का पूर्ण रूप दीजिए :

(a) सेबी (एस ई बी आई) (b) एफ सी सी बी

22. (a) Give an example of current assets. **2**

(b) Give an example of current liabilities.

(a) चालू परिसम्पत्तियों का एक उदाहरण दीजिए।

(b) चालू देयताओं का एक उदाहरण दीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

23. **Give one word answer :** 2

(a) It refers to the process of eliminating unnecessary controls and restrictions on the smooth functioning of business enterprises.

(b) It refers to reducing the role of public sector by involving the private sector in most activities.

**एक शब्द में उत्तर दीजिए :**

(a) इसका अर्थ व्यवसाय के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए अनावश्यक नियन्त्रण तथा प्रतिबंधों को हटाने से है।

(b) इसका अर्थ निजी क्षेत्र को सम्मिलित करके सार्वजनिक क्षेत्र की भूमिका कम करने से है।

24. Give one word for the following : 2

(a) The component of marketing that relates to channels of distribution.

(b) The ingredient of marketing mix relating to informing, persuading and influencing a consumer to make a choice of the product to be bought.

निम्न के लिए एक शब्द दीजिए :

(a) विपणन का वह भाग जिसका संबंध वितरण माध्यमों से है।

(b) विपणन मिश्र का वह भाग जिसका संबंध क्रय करने वाले उत्पाद के चयन के लिए ग्राहक को सूचना देने, मनाने तथा प्रभावित करने से है।

25. Identify the following in e-banking transactions : 2

(a) A machine using which we can withdraw money from our deposit accounts at our convenience.

(b) A convenient way of accessing the account any time, anywhere and any number of times.

ई-बैंकिंग लेन-देनों में निम्न की पहचान कीजिए :

(a) एक मशीन जिसका उपयोग करके हम अपनी सुविधा अनुसार अपने खाते से धन निकाल सकते हैं।

(b) खाते तक कभी भी, कहीं भी तथा कितनी बार भी सुविधाजनक रूप से पहुँच स्थापित करने का तरीका।

26. State any two benefits of Digital India. 2

डिजिटल भारत के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए।

27. State whether statements are **true** or **false** : 2

(a) Objectives are the end results towards which all the activities are directed.

(b) A strategy is a general statement that guides decision-making.

(c) Policies are plans which determine the sequence of any work performance.

(d) Budget is a statement of expected results expressed in numerical terms.

उल्लेख कीजिए कि निम्न कथन **सत्य** अथवा **असत्य** हैं :

(a) उद्देश्य अन्तिम परिणाम होते हैं जिनकी ओर सभी गतिविधियाँ निर्देशित होती हैं।

(b) रणनीति एक सामान्य कथन है जो निर्णय करने को निर्देशित करती है।

(c) नीतियाँ वे योजना होती हैं जो किसी कार्य निष्पादन के अनुक्रम का निर्णय करती है।

(d) बजट संख्यात्मक रूप से संभावित परिणामों को बताने का एक कथन है।



**Unnati Educations**

**9899436384, 9654279279**

**28.** Fill in the blanks : **2**

(a) The date on which the Board of Directors declare the dividend is called the __________ date.

(b) __________ dividend is also known as bonus shares.

रिक्त स्थान भरिए :

(a) जिस तिथि को निर्देशन मण्डल लाभांश की घोषणा करते हैं, __________ तिथि कहलाती है।

(b) __________ लाभांश बोनस अंश भी कहलाता है।

**29.** Which type of channel of distribution will be suitable in each of the following cases ? **2**

(a) For a perishable product.

(b) For durable products like Fridge.

निम्न प्रस्थितियों में प्रत्येक में कौन सा वितरण माध्यम उचित होगा ?

(a) विनाशशील उत्पाद के लिए।

(b) फ्रिज जैसे टिकाऊ उत्पाद के लिए।

**30.** State the full form of the following : **2**

(a) OTCEI (b) UMS

निम्न का पूर्ण रूप दीजिए :

(a) ओ टी सी ई आई (OTCEI) (b) यू एम एस (UMS)

**31.** Identify the type of preference shares : **2**

(a) The preference shares which can be converted into equity shares after a specified period of time.

(b) The preference shares in which the unpaid dividends are accumulated and carried forward for payment in future years.

पूर्वाधिकार अंशों के प्रकार की पहचान कीजिए :

(a) ऐसे पूर्वाधिकार अंश जिन्हें एक निश्चित अवधि के पश्चात समता अंशों में परिवर्तित किया जा सकता है।

(b) ऐसे पूर्वाधिकार अंश जिन पर अदत्त लाभांश को एकत्रित करके भुगतान के लिए भविष्य के वर्षों में आगे ले जाया जाता है।

**32.** Identify the types of non-economic environment in the following cases : **2**

(a) Demand for new clothes increases during festive session.

(b) Computer has outdated typewriter.

निम्न स्थितियों में गैर-आर्थिक वातावरण के प्रकार की पहचान कीजिए :

(a) त्यौहार के समय नये कपड़ों की माँग बढ़ जाती है।

(b) कंप्यूटर ने टाइपराईटर को पुराना कर दिया है।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

33. List the four components of product mix. 2

उत्पाद मिश्र के चार घटकों की सूची दीजिए।

34. Fill in the blanks : 2

(a) The depository receipts which are issued by a USA-based bank for trading only in American Stock markets are known as __________.

(b) __________ depository receipts are offered for sale globally through foreign stock exchanges.

रिक्त स्थान भरिए :

(a) ऐसी डिपॉजटरी रसीद जिनका निर्गमन अमेरिका आधारित बैंक द्वारा केवल अमेरिकन स्टॉक मॉर्किट में व्यापार के लिए किया जाता है, __________ के रूप में जानी जाती हैं।

(b) विदेशी शेयर बाजारों के माध्यम से __________ डिपॉजटरी रसीदों का निर्गमन अंतरराष्ट्रीय आधार पर किया जाता है।

35. In relation to Terms of Trade, match the terms given in **column I** with their meaning given in **column II**. 2

| Column I | Column II |
|---|---|
| 1. COD | (a) This includes all charges at the port of shipment upto the loading of goods on board the ship and export duty. |
| 2. CIF | (b) It is a type of transaction in which payment for goods is made at the time of delivery. |
| 3. FOB | (c) It is an expression that is used as a disclaimer against clerical errors. |
| 4. E & OE | (d) This includes the cost of goods, all expenses incurred for taking the goods to the port of destination and insurance charges. |

व्यापार से संबंधित **स्तम्भ I** में दी गई मदों को **स्तम्भ II** में दिए गए उनके अर्थ के साथ मिलान कीजिए।

| स्तम्भ - I | स्तम्भ - II |
|---|---|
| 1. सी ओ डी (COD) | (a) इसमें लदान बंदरगाह पर माल के जहाज पर लदान तथा निर्यात तक सभी शुल्क सम्मिलित होते हैं। |
| 2. सी आई एफ (CIF) | (b) यह लेन-देन का एक प्रकार है जिसमें माल के सौंपे जाने पर भुगतान किया जाता है। |
| 3. एफ ओ बी (FOB) | (c) यह लिपकीय त्रुटियों के विरूद्ध जारी एक अस्वीकरण है। |
| 4. ई एण्ड ओ ई (E & OE) | (d) इसमें माल की लागत, गंतव्य बन्दरगाह तक माल को ले जाने तथा बीमा सहित सभी शुल्क सम्मिलित हैं। |



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

## SECTION - C/खण्ड - ग

**36.** State any two differences between a public company and a private company. **2**

एक सार्वजनिक कम्पनी तथा निजी कम्पनी में, किन्हीं दो अन्तरों का उल्लेख कीजिए।

**37.** Describe the role of SIDBI and SISI in providing support to small business in India. **2**

भारत में लघु व्यवसाय को सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सीडबी) 'लघु उद्योग सेवा संस्थान' (एस आई एस आई) की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**OR/अथवा**

Describe the role of NSIC and NABARD in providing support to small business in India.

भारत के लघु व्यवसाय को सहायता प्रदान करने में 'राष्ट्रीय लघु उद्योग केन्द्र' (एन एस आई सी) और 'नबार्ड' की भूमिका का वर्णन कीजिए।

**38.** (a) Name the process of finding and attracting suitable applicants for employment. **2**

(b) List the two sources of the process as named in (a) above.

(a) रोजगार के लिए उपयुक्त आवेदकों का पता लगाने तथा उन्हें आकर्षित करने की प्रक्रिया का नाम दीजिए।

(b) उपरोक्त (a) में दी गई नाम प्रक्रिया के दो स्रोतों की सूची दीजिए।

**OR/अथवा**

(a) Name the process of assignment of job to the selected candidate.

(b) Name the process of introducing new employees to the organization.

(a) चयन किए गए उम्मीदवारों को काम आबंटन प्रक्रिया का नाम दीजिए।

(b) संगठन में नए कर्मचारियों के परिचय कराने की प्रक्रिया का नाम दीजिए।

**39.** Differentiate between Advertising and sales promotion on the basis of : **2**

(a) Objectives (b) Nature

निम्न के आधार पर 'विज्ञापन' तथा 'बिक्री संवर्धन' में अन्तर दीजिए :

(a) उद्देश्य (b) प्रकृति

**40.** Describe any two functions of stock exchange. **2**

शेयर बाजार के किन्हीं दो कार्यों का वर्णन कीजिए।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**41.** State any two objectives of WTO. **2**

'अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन' (WTO) के किन्हीं दो उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

**OR/अथवा**

"WTO has been playing an important role in facilitating and promoting international trade". State any two Roles of WTO in the light of this statement.

'अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन अंतरराष्ट्रीय व्यापार की सहायता करने तथा इसे बढावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।' इस कथन के अवलोकन में, अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठन की किन्हीं दो भूमिकाओं का उल्लेख कीजिए।

**42.** Explain the relationship between planning and controlling. **3**

'योजना' तथा 'नियन्त्रण' में संबंध को समझाइए।

**43.** Which promotion mix is being referred to in the following statements ? **3**

(a) It is a paid form of non-personal communication through an identified sponsor.

(b) It is a short-term and temporary incentive to purchase or induce trials of new goods.

(c) It is a direct presentation of the product to the consumers or prospective buyers.

निम्न कथनों में किस संवर्धन मिश्र का उल्लेख किया गया है?

(a) यह एक पहचान किए गए प्रायोजक के माध्यम से संप्रेषण का भुगतान किया गया गैर-वैयक्तिक प्रकार है।

(b) यह नए माल को खरीदने अथवा परीक्षण के लिए प्रेरित करने का लघुकालिन तथा अस्थायी प्रोत्साहन है।

(c) यह प्रत्यक्ष रूप से उपभोक्ता या संभावित क्रेता को प्रत्यक्षत: उत्पाद प्रस्तुत करना है।

**44.** Amit is working in a plastic fabrication industry. He is the Human Resources manager and has to recruit 15 salesmen for the company. After determining the qualification and experience required for various jobs involved, he is in search for suitable candidates. For this purpose he may use various sources from outside the organization. Explain any three such sources. **3**

अमित एक प्लास्टिक निर्माण उद्योग में कार्यरत है। वह मानव संसाधन प्रबंधक है तथा उसे कम्पनी के लिए 15 विक्रयकर्ताओं की भर्ती करनी है। विभिन्न कार्यों के लिए आवश्यक योग्यता एवं अनुभव का निर्णय लेने के पश्चात वह उपयुक्त उम्मीदवारों की खोज में है। इस उद्देश्य के लिए वह संगठन के बाहर से विभिन्न स्त्रोतों का उपयोग कर सकता है। ऐसे कोई तीन स्त्रोत समझाइए।

**OR/अथवा**

Sumit, the Human Resources manager of ST Ltd- an Electronics company has received a number of applicants for the post of production manager. From among the various applications he has to choose only one. Name the process which Sumit would use to choose the most suitable candidate and explain the first two steps in the process.

एक इलैक्ट्रानिक कम्पनी एस टी लिमिटेड के मानव संसाधन प्रबंधक सुमित को उत्पादक प्रबंधक के पद के लिए बहुत संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। विभिन्न आवेदकों में से उसे केवल एक का चयन करना है। उस प्रक्रिया का नाम दीजिए जिसका चयन सुमित सर्वोत्तम उम्मीदवार के चयन के लिए उपयोग कर सकता है तथा इस प्रक्रिया के प्रथम दो चरण समझाइए।



**Unnati Educations**

**9899436384, 9654279279**

**45.** State any three qualities of a good salesperson. **3**

एक अच्छे विक्रयकर्ता के किन्हीं तीन गुणों का उल्लेख कीजिए।

**OR / अथवा**

Name any three advertising media and state their suitability.

किन्हीं तीन विज्ञापन मीडिया के नाम दीजिए तथा उनकी उपयुक्तता का उल्लेख कीजिए।

**46.** Explain the three types of external trade. **3**

बाह्य व्यापार के तीन प्रकार समझाइए।

**47.** Explain any three roles played by clearing agent in external trade. **3**

बाह्य व्यापार में माल लदाने वाले एजेन्ट द्वारा निभाई जाने वाली कोई तीन भूमिका समझाइए।

**OR / अथवा**

Explain any three documents used in External Trade.

बाह्य व्यापार में उपयोग किए जाने वाले कोई तीन दस्तावेज समझाइए।

**48.** Differentiate between public enterprises and private enterprises on the basis of any five points. **5**

किन्हीं पाँच बिन्दुओं के आधार पर 'सार्वजनिक उद्यम' तथा 'निजी उद्यम' में अन्तर दीजिए।

**49.** Rotrex Ltd. has hired 2000 buses for the different routes for the passengers of metropolitan city. In order to fill vacancies, it advertised in the newspaper and large number of applicants applied for the same. The company has to now undertake the process of selection to identify and select the best. Explain the first five steps involved in the process. **5**

महानगर के यात्रियों के लिए रोटेक्स लिमिटेड ने विभिन्न मार्गों के लिए 2000 बस किराये पर ली है। पदों को भरने के लिए इसने समाचार पत्र में विज्ञापन दिया तथा इसके लिए बड़ी संख्या में आवेदकों ने आवेदन किया। कम्पनी को अब सर्वश्रेष्ठ का चयन करने के लिए चयन प्रक्रिया पूरी करनी है। इस प्रक्रिया में सम्मिलित प्रथम पाँच चरण समझाइए ।

**OR / अथवा**

